03/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और अंगोला ने आज कृषि, पारंपरिक चिकित्सा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्वेस लौरेंको के बीच नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। अपने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ़ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के सेवाओं को निलंबित कर दिया है। संचार मंत्रालय ने आज जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने हवाई और ज़मीनी दोनों मार्गों से आने वाले मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने का फैसला किया है।

0000000000000000000

आज कामले जिले के रागा में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा खेलो इंडिया मल्टिपर्पस हॉल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने विशेष रूप से दूरदराज के जिलों में समावेशी खेल विकास के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और इस तरह की सुविधाएं युवाओं को खेलों में उभरने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के अवसर प्रदान करेंगी।

0000000000000000000

आज **विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस** मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है **"रिपोर्टिंग इन द ब्रेव न्यू वर्ल्ड - द इंपेक्ट ऑफ़ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑन प्रेस फ़्रीडम एंड द मीडिया।"** इस अवसर पर, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में पत्रकारों के साहस और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने प्रेस को लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला बताते हुए सभी से इसकी रक्षा करना जारी रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000

आज राष्ट्रीय वस्त्र दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत की वस्त्र विरासत को संजोने के साथ ही, हमारी पहचान, रचनात्मकता और शिल्प कौशल को संरक्षित करना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि, अरुणाचल प्रदेश में, विविध हथकरघा परंपराएँ बुनकरों, विशेष रूप से महिला कारीगरों के कौशल का प्रमाण हैं, जिन्होंने पीढ़ियों से इन विरासतों को संरक्षित किया है। उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्त्रों को बढ़ावा देने, कारीगरों को सशक्त बनाने और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले को वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II के तहत शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दूरदर्शी पहल सीमावर्ती समुदायों को बेहतर बुनियादी ढांचे, आजीविका के अवसर, सड़क संपर्क और दूरसंचार के साथ-साथ बेहतर शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

0000000000000000000

राज्य सरकार के उद्योग विभाग द्वारा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान कोलकाता के सहयोग से आज जीरो में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला-सह-सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लोअर सुबनसिरी जिले के 70 से अधिक कारीगरों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य के पारंपरिक हस्तशिल्प और वस्त्रों के शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के साथ ही उन्हें बाजार तक पहुंच बढ़ाने में मदद पर केंद्रीत था।

0000000000000000000

आज ईटानगर में यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर और आरजीयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यागामसो नदी में सफाई अभियान का आयोजन किया गाया, जिसमें राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 160 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अभियान के तहत चंद्रनगर के पास 1.5 किलोमीटर के दायरे में नदी तट से 17,200 किलोग्राम से अधिक कचरा हटाया गया।

0000000000000000000

बांदरदेवा पुलिस टीम द्वारा इस साल जनवरी से अब तक एनएच-415 पर कारसिंगसा में हुई कई हाईवे डकैती की घटनाओं में शामिल चार कथित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी को तब पकड़ा जब वह एक और डकैती करने की कोशिश कर रहा था। उससे पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने छापेमारी कर आईसीआर के विभिन्न स्थानों से सभी कथित आरोपियों को गिरफ्तार किया। इससे पहले बांदरदेवा पुलिस स्टेशन में बीएनएस के तहत दो मामले दर्ज किए गए थे।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, क्रा दादी, कामले, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000

पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

0000000000000000000